हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 सितंबर 2026

04 वक्त बदलने में वक्त लग सकता है व्यक्तित्व बदलने में...



07 शहर में देर शाम हुई जोरदार बारिश से लोगों के चेहरे खिले, तुलसी सरोवर...



समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



गुना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को यूथ रेडक्रॉस द्वारा तात्या टोपे यूनिवर्सिटी, गुना में कुलगुरु श्री किशन यादव जी के निर्देशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस पुनीत कार्य के लिए समस्त विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने हेतु सौंपा मांग पत्र



गुना। प्रताप छात्रावास मैदान में थीम रोड ब्यूटीफिकेशन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष राजेश साहू ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आत्मीय भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान राजेश साहू ने नगरीय निकायों में कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2016 तक के अस्थाई कर्मचारी पिछले 15–17 वर्षों से निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी कलेक्टर दर के न्यूनतम वेतन पर परिवार का भरण-पोषण करने को मजबूर हैं। मांग पत्र में वर्ष 2016 तक के समस्त अस्थाई श्रमिकों को नियमित/विनियमित किए जाने हेतु शासन स्तर से आदेश जारी करने की मांग की गई। केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यालयों में गूंजेगा 'नमामि भारतम् वन्दे मातरम्' का स्वर

चांचौड़ा। राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर तेलीगांव संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में 'नमामि भारतम्, वन्दे मातरम्' सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों के द्वारा एक साथ एक लय और एक स्वर में देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया जायेगा सरस्वती शिशु मन्दिर तेलीगांव में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक उमराव सिंह लोधी, सहसंयोजक राजेन्द्र सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी आरती मीना तथा आईसीटी प्रमुख केशव प्रजापति रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय माध्यमिक विद्यालय देहरी की सांध्या लोधी रहेंगी।इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय देहरी में भी 'नमामि भारतम्, वन्दे मातरम्' सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के संयोजक जगदीश सिंह लोधी, सहसंयोजक अधम सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी अमृतलाल राव तथा आईसीटी प्रमुख प्रदुमन सिंह कुशवाह रहे। कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।वहीं इन्द्रप्रस्थ संस्कार संस्कृति विद्यालय, देहरी तेलीगांव में भी सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक महेन्द्र सिंह प्रजापति रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से देशभक्ति गीतों का गायन किया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन की भावना को मजबूत करना रहा।

गुना में रात से झमाझम बारिश, लोगों को गर्मी और उमस से मिली राहत

देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह तक जारी, सड़कों पर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला रात भर अनवरत जारी रहा। शनिवार सुबह भी 9 बजे तक झमाझम बारिश होती रही, जिससे शहर का जनजीवन प्रभावित हुआ और कई निचले इलाकों में पानी भर गया। सुबह 9 बजे के बाद बारिश की रफ्तार में कमी आई, लेकिन दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही लगी रही। इस दौरान कभी हल्की धूप खिली तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम में आई इस तब्दीली से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और फिजा में ठंडक घुलने से लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली है।मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान शहर में रिकॉर्ड 51 मिमी (लगभग 2 इंच) से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इस ताजा बारिश के साथ ही गुना शहर में चालू मानसून सत्र की कुल बारिश का आंकड़ा 838.4 मिमी तक पहुंच गया है। यह कुल औसत बारिश का 83.3 प्रतिशत है। लगातार हो रही इस अच्छी बारिश से जिले के जल स्त्रोतों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे किसानों और आम नागरिकों के चेहरे खिल उठे हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी जिले में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

जिले में अब तक 1024.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज,

पिछले 24 घंटे में 51.6 मिमी बारिशइधर जिले में 01 जून से अब तक 1024.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 97.3 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1657.1 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 19 सितम्बर 26 प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 838.4 मिलीमीटर, बमोरी में 699, आरोन में 824.0, राघौगढ़ में 935, चांचौड़ा में 1059, कुम्भराज में 1291 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1528.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 51.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 50 मिमी., बमोरी में 16 मिमी., आरोन में 38 मिमी., राघौगढ़ में 70 मिमी., चांचौड़ा में 33 मिमी., कुंभराज में 97 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 57 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

गुमशुदा खिलौना विक्रेता का झाड़ियों में मिला शव तीन दिन से थे लापता

◆ जिला अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की श्रीराम कॉलोनी स्थित साईं सिटी मालपुर रोड निवासी 40 वर्षीय खिलौना विक्रेता राजा राम ओझा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में श्रीराम कॉलोनी क्षेत्र में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद देह परिजनों के सुपुर्द कर दी गई।तीन दिन पूर्व परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगीमृतक की पत्नी मालती ओझा ने बताया कि राजा राम ओझा विगत तीन-चार दिनों से अचानक घर से लापता थे। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा इस मामले में समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिजनों ने कहा— अक्सर घर से रहते थे गाय-पत्नी के अनुसार, राजा राम ठेले पर खिलौने बेचने का काम करते थे और अक्सर बिना बताए घर से चले जाते थे। कई बार वह आते और तुरंत ही निकल जाते थे। परिजनों का यह भी कहना है कि वह परिवार को काफी परेशान करते थे तथा पत्नी और बच्चों को जान से मारने की धमकियां भी दिया करते थे। श्रीराम कॉलोनी में उनका शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित किया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने उनकी शिनाख्त की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पंजाब नेशनल बैंक गई बुजुर्ग महिला की ट्रेन से कटकर मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कुशमौदा के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय एक वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी परिजनों को शाम को मिल सकी। शनिवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खेजरा निवासी रामदयाल ने बताया कि 70 वर्षीय गोगाबाई पत्नी शिवलाल अहिरवार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकालने के लिए घर से निकली थीं। दोपहर करीब 3 बजे परिजनों को सूचना मिली कि कुशमौदा के पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के पास मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के आधार पर शिनाख्त कर परिजनों को हादसे की जानकारी दी।परिजनों ने बताया कि मृतका गोगाबाई पत्नी शिवलाल अहिरवार को कानों से कम सुनाई देता था। आशंका जताई जा रही है कि रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की आवाज न सुन पाने के कारण वह हादसे का शिकार हो गईं। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

सादगी और आत्मीयता का दिखा अनोखा संगम

कूनो नेशनल पार्क में मंत्री सिंधिया ने भाजपा नेताओं संग किया टिफिन भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कूनो नदी के उद्गम स्थल के प्राकृतिक एवं मनमोहक वातावरण के बीच शनिवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय माहौल में टिफिन भोजन किया। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता अपने गृह निवास से विशेष रूप से निर्मित भोजन लेकर पहुंचीं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया और स्वाद की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर सादगी और आत्मीयता के बीच कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह (बंटी बना), वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, महेंद्र सिंह सामरसिंगा तथा आलोक विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एक साथ बैठकर संगठन और विकास कार्यों को लेकर संवाद भी किया।इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि यह हमारा परिवारिक संगम है। आज मालवा से लेकर चंबल संभाग के स्वादिष्ट खानपान का अनुभव हमने किया। हम सबने जो अपना टिफिन लेकर आए थे परिवार के रूप में एक साथ मिलकर भोजन किया। इसी भावना और एकता के साथ हम आगे बढ़ेंगे। ऐसे कार्यक्रमों से हम लोगों की नजदीकी एवं एकता बढ़ती है। श्री सिंधिया ने बताया कि कूनों नदी का शुरूआत यहीं से होती है। आज से शुद्ध पानी कूनो चंबल नदी तक जाएगा। प्रशासन ने यहां बड़ी मेहनत से इसे स्वर्ग बना दिया है। मैंने स्वयं यहां अनुभव किया है। आज यहां से शुद्ध पानी निकल रहा है। पानी को रिचार्ज करने का काम जिला प्रशासन ने किया है। कूनो नदी पूरे ग्वालियर चंबल संभाग के लिए जीवनदायिनी नदी है।

नानाखेड़ी मंडी से लौट रहे युवक की बाइक में अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात चार पहिया कार चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निवाई ईदगाह बाड़ी निवासी राज सिंह कुशवाह शनिवार सुबह नानाखेड़ी मंडी से सामान खरीदकर टैक्सी में रखवाने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से पुरानी मंडी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से आई एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में बाजू से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राज सिंह सडक पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक कार लेकर दशहरा मैदान की ओर भाग निकला। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

रक्तदान के लिए आगे आए जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्यकर्मी

गुना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना में सीएमएचओ गुना डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर एवं सीबीएमओ डॉ. शिल्पा तंतिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का आयोजन डॉ. स्वाति शर्मा (चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. नरेंद्र धाकड़ (चिकित्सा अधिकारी) के समन्वय एवं निरीक्षण में किया गया। शिविर में कुल 11 यूनिट रक्तदान किया गया।

छात्रावास व श्मशान के पीछे गोदाम का ताला तोड़कर 20 क्विंटल लोहा चोरी, पुलिस को शिकायती आवेदन दिया

गुना। जिले के चांचौड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास के ठीक पीछे और श्मशान घाट के पास बने एक गोदाम का ताला तोडकर अज्ञात चोरों ने 20 क्विंटल लोहा पार कर दिया। वारदात में पीड़ित ठेकेदार की 40 शटरिंग प्लेटें और 30 लोहे के पाइप चोरी हुए हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना को लेकर पीड़ित ने चाचौड़ा थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने और चोरी गए माल की बरामदगी की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 निवासी भीम सिंह राजपूत मकान निर्माण का छोटा ठेका लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी से शटरिंग का सामान खरीदा था, जिसे छात्रावास के पीछे बने गोदाम में रखा गया था। गत रात अज्ञात चोरों ने गोदाम के मुख्य द्वार का ताला तोडकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी होने के कारण आशंका है कि किसी संगठित गिरोह ने पिकअप या लोडिंग वाहन का इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया है।

अग्रवाल महिला मंडल की अनूठी पहल - 'हमारे बुजुर्ग हमारे भगवान हैं'

घर की देहरी पर सम्मान, बुजुर्ग मातृशक्ति से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अग्रवाल समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति ने अपना संपूर्ण जीवन परिवार, संस्कारों और समाज के निर्माण में समर्पित किया है। उम्र के इस पड़ाव पर वृद्धावस्था, अस्वस्थता अथवा बिस्तर पर होने के कारण कई वरिष्ठ माताएँ सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पातीं। ऐसी मातृशक्ति के सम्मान और उनके आशीर्वाद को प्राप्त करने के उद्देश्य से अग्रवाल महिला मंडल गुना ने एक अनूठी पहल की है। मंडल की महिला सदस्यों ने स्वयं वरिष्ठ मातृशक्ति के घर की देहरी तक पहुँचकर उन्हें सम्मानित किया और उनके चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ माताओं का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं रुद्राक्ष की माला भेंट कर सम्मान किया गया।

यह पहल केवल सम्मान तक सीमित नहीं रही, बल्कि दो पीढ़ियों के बीच अनुभव, संस्कार और आत्मीयता के संवाद का माध्यम भी बनी। मंडल की सदस्यों ने वरिष्ठ माताओं से उनके जीवन के अनुभव जाने, पुराने रीति-रिवाजों और पारिवारिक परंपराओं को समझा तथा परिवार और समाज के प्रति उनके विचार एवं मार्गदर्शन प्राप्त किए। बदलते सामाजिक परिवेश, पारिवारिक संस्कारों और जीवनशैली में आए परिवर्तनों पर भी आत्मीय चर्चा हुई।

वरिष्ठ मातृशक्तियों का हुआ सम्मान

अग्रवाल महिला मंडल ने घर-घर पहुँचकर श्रीमती रामकुंवर (86), सावित्री अग्रवाल (85), राधा रानी गर्ग जी (83), गीता देवी (76), मनोरमा देवी गोयल एवं श लक्ष्मीबाई (86) का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं रुद्राक्ष माला भेंट कर सम्मान किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल ने कहा, "यह सम्मान केवल हमारे कार्यकाल या पद तक सीमित नहीं है। पद से निवृत्त होने के बाद भी समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति के सम्मान की यह परंपरा पूरी श्रद्धा और निरंतरता के साथ जारी रहेगी। हमारे बुजुर्ग हमारे भगवान के समान हैं। उनके अनुभव हमारी अमूल्य धरोहर हैं और उनका आशीर्वाद हमारे लिए सबसे बड़ी शक्ति है।

जीवन में हम जो भी सफलता प्राप्त करते हैं, उसमें हमारे बुजुर्गों के आशीर्वाद का महत्वपूर्ण स्थान होता है।" उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और समाजहित की भावना को आत्मसात करते हुए अग्रवाल महिला मंडल सेवा, सम्मान और संस्कार के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। समाज की नई पीढ़ी अपने बुजुर्गों के अनुभवों से जुड़े, उनके जीवन से प्रेरणा ले और उन्हें सम्मान दे—इसी भावना के साथ यह पहल आगे भी जारी रहेगी।

पर्यूषण पर्वः मंदिरों में चल रहा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

चौथे दिन मनाया जीवन में शुचिता का दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दिगंबर जैन समाज द्वारा पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व भक्तिभाव से मनाया जा रहे हैं। इस मौके पर बच्चों से लेकर बड़ों बुजुर्गों तक व्रत, उपवास रखकर त्याग, तपस्या कर संयमी जीवन जी रहे हैं। शनिवार को पर्यूषण पर्व के चौथे दिवस उत्तम शौच (जीवन में शुचिता) दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में प्रातः श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा उपरांत दशलक्षण पूजन, विधान के आयोजन किए गए। वहीं शाम को श्रीजी की आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इस अवसर पर स्थानीय सुभाष कॉलोनी में गत रात्रि कौन बनेगा ज्ञानवान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसकी आयोजक अंजलि जैन, सुरभि जैन, निकिता जैन, रूचि जैन एव शुभम जैन रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार, 20 सितंबर को सर्वोदय महिला मंडल द्वारा एक भव्य एवं अनोखी रचनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुनिसुव्रतनाथ भगवान की दिव्य यात्रा, गर्भ से मोक्ष तक विषय पर आधारित यह कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे से आयोजित होगा। इसके अलावा त्रिमूर्ति कॉलोनी के चंद्रप्रभु जिनालय पर अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

समाचार संक्षेप

पूर्व कांग्रेस नेता अधिवक्ता के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का सिलसिला



आरोन। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व कांग्रेस नेता अरविंद श्रीवास्तव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकार संघ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। सुबह से ही शुभचिंतकों एवं परिचितों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त करने के बाद अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिन पर मिले स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद को वे सदैव विशेष मानेंगे।

आरोन में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम, विधायक जयवर्धन सिंह ने छात्रों से किया संवाद



आरोन। नगर के राजा बलभद्र स्टेडियम में बुधवार को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह छात्रों के बीच पहुंचे और उनसे संवाद किया। इस दौरान 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर छात्रों से चर्चा की गई। संवाद के दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि इंदौर में होने वाला कार्यक्रम केवल आरोन, राघौगढ़ या गुना क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश सहित देशभर के छात्रों में इसे लेकर उत्साह है। उन्होंने छात्रों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर पहुंचने की तैयारियों पर भी चर्चा की। विधायक ने छात्रों से उनकी समस्याओं, विचारों और अपेक्षाओं को लेकर संवाद किया। छात्रों ने भी खुलकर अपनी बात रखी और आगामी कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारियों एवं उत्साह से अवगत कराया। इस दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे और विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ।

6 अक्टूबर से सजने लगेगा श्री राम का दरबार

गुना। सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला दशहरा महोत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को शास्त्री मंच पर ध्वज वंदन व पूजन-अर्चन के साथ इस वर्ष के रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। समिति ने निर्णय लिया है कि इस बार रामलीला का मंचन 6 अक्टूबर से शुरू होगा।

उत्तम शौच धर्म पर मुनि श्रमण सागर जी के मंगल प्रवचन

वक्त बदलने में वक्त लग सकता है व्यक्तित्व बदलने में नहीं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन समाज के दस लक्षण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की व्याख्या करते हुए बुंदेली महाकवि, ओजस्वी वक्ता एवं महान तपस्वी मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि शरीर की बाहरी शुद्धि के साथ मन में भरे विकारों की शुद्धि करना ही उत्तम शौच धर्म है। मुनिराज ने दस लक्षण पूजन की पंक्ति "लोभ पाप का बाप बखाना" का उल्लेख करते हुए कहा कि लोभ मनुष्य को पतन की ओर ले जाने वाला सबसे बड़ा विकार है। उन्होंने एक प्रसंग के माध्यम से समझाया कि व्यक्ति दूसरों को कितना ही उपदेश दे, लेकिन यदि उसके स्वयं के भीतर लोभ मौजूद है तो उसका आचरण उसके कथन के विपरीत हो जाता है।

उन्होंने कहा कि पहले हमारे भीतर शुद्धता आएगी, तभी हम सत्य का आचरण कर सकेंगे। इसी कारण आचार्यों ने दस धर्मों में उत्तम शौच धर्म के बाद उत्तम सत्य धर्म का वर्णन किया है। मुनि श्रमण सागर जी ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई अपराध नहीं, जिसे क्षमा न किया जा सके। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराधी को मृत्युदंड देने के बजाय उसके सुधार की संभावनाओं पर ध्यान देना चाहिए तथा बंदीगृहों में सुधारात्मक कार्यों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में पंचम काल में जी रहे हैं। जब भी मन में शुभभाव उत्पन्न हों, उसी समय शुभ कार्य कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे गरम लोहे पर हथौड़ा मारने से उसका आकार बदला जा सकता है, उसी प्रकार शुभ अवसर मिलने पर उसका सदुपयोग करना चाहिए। बिना धर्म किए सच्चा सुख प्राप्त नहीं हो सकता और जो भाग्य में है, वह अपने समय पर अवश्य प्राप्त होता है। प्रवचन के अंत में मुनि श्रमण सागर जी ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज को समर्पित कविता प्रस्तुत की, जिसकी पंक्ति "कहा हमको जीवन देने वाले गुरु विद्यासागर हैं"।

धार्मिक कार्यक्रम हुए

प्रातःकाल अभिषेक के बाद शांति धारा का वाचन मुनि ओंकार सागर जी महाराज ने किया। दोपहर में तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन एवं व्याख्या तथा रत्नकरण्ड श्रावकाचार ग्रंथ पर मुनिराज के श्रीमुख से प्रवचन हुए। शाम को संगीतमय सामूहिक आरती का आयोजन किया गया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए व्हीव्हीसी रियल इंफ्रा प्राइवेट लि. को मिला 'विश्वकर्मा पुरस्कार'



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित अभियंता दिवस समारोह-2026 में निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए व्ही व्ही सी रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को प्रतिष्ठित 'विश्वकर्मा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। कंपनी को यह सम्मान जंजाली से मधुसूदनगढ़ मार्ग तक 37.52 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में व्ही व्ही सी रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से डायरेक्टर अर्चित लाहोटी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों यह सम्मान प्राप्त किया।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभियंताओं, संविदाकारों एवं निर्माण एजेंसियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान व्ही व्ही सी रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कंपनी ने इसे अपनी पूरी टीम की मेहनत का सम्मान बताया।

जल झूलनी डोल ग्यारस को लेकर गौशाला परिसर में सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



जल झूलनी डोल ग्यारस के अवसर पर निकलने वाले विमानों के कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन के निर्देश पर रामानंद गौशाला परिसर में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। सीएमओ ने सफाई दरोगा अशोक साहू, राहुल मालवीय तथा वार्ड प्रभारी मेट शिवनारायण, विक्रम एवं राकेश मालवीय को परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए, जिसके बाद सफाई कार्य प्रारंभ किया गया।

सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि जल झूलनी डोल ग्यारस पर रामानंद गौशाला परिसर में भगवान का जलविहार कराया जाता है और विमानों का विश्राम होता है। यहां सामूहिक पूजन, दर्शन, भजन-कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया जाता है। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में नगरभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान के दर्शन एवं पूजन करते हैं। नगर परिषद की ओर से आयोजन को लेकर विद्युत सज्जा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाती हैं। सीएमओ ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए कार्य पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है।


नमो युवा शक्तिः स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और युवा पीढ़ी की युवतियों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, गुना के अंतर्गत विगत दिवस स्व-सहायता समूहों की सदस्यों एवं उनके परिवार की युवा पीढ़ी की युवतियों के लिए जिला स्तरीय "नमो युवा शक्ति" कार्यक्रम का आयोजन खेल प्रसाल (इंडोर स्टेडियम) पी.जी. कोलेज गुना में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया।कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं उनके परिवार की युवतियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर रंगोली, शतरंज, चेयर रेस, बैडमिंटन, नींबू-चम्मच दौड़, रस्साकशी, लम्बी कूद, कबड्डी, क्रिकेट, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवतियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा, रचनात्मकता, ऊर्जा एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों द्वारा अपनी सफलता की कहानियों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। उनके अनुभवों एवं संघर्ष की कहानियों ने उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्राइज के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिभागी को एक-एक पौधा वितरित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, गुना श्री शैलेन्द्र समुंद्रे ने कहा कि खेल युवतियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास, ऊर्जा एवं नेतृत्व क्षमता को सामने लाने का सुंदर अवसर है। ऐसे आयोजन युवतियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुण विकसित करने का मंच प्रदान करते हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी युवतियां आत्मनिर्भरता के साथ समाज एवं राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

राजपुर में राधाष्टमी का पर्व मनाया गया



राजपुर। हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम के साथ-साथ राधा अष्टमी का पर्व मनाया गया। नव युवा रामलीला मण्डल अध्यक्ष राजू या द व देशराज पा ल सिनामन पाल हेम रा ज पा ल व्र जे श ओ झा एवं शिव से वा स मि ती में अनमोल दुबे उमेश सोनी एवं बडी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं अन्नकूट का आयोजन भी किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रासेयो इकाई ने चित्रकला प्रतियोगिता स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर के राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसके अंतर्गत विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना 2047 एवं माननीय प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर आदि विषयों पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस अवसर पर अशोकनगर पछार मंडल के उपाध्यक्ष श्री कपिल शर्मा उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में ऋषिका पाल को प्रथम स्थान शिवानी सेन को द्वितीय स्थान शिवानी अहिरवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शिवानी पाल को प्रथम स्थान अक्षरा हुसैन को द्वितीय स्थान एवं अमित विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ यह विद्यार्थी आगामी समय में विकासखंड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी विद्यालय की उप प्राचार्या मुस्कान हुसैन, शिक्षक राहुल रघुवंशी, शिक्षिका पिंकी कोली,राखी सेन, रेखा पालीवाल एवं एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

20 सितंबर से भोपाल मंडल होकर संचालित 20 यात्री ट्रेनें रहेगी निरस्त



अशोकनगर। पश्चिम मध्य रेलवे के बीना स्टेशन एवं उत्तर मध्य रेलवे के आगासौद स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए दोनों स्टेशनों पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए प्री-नान इंटरलाकिंग एवं नानइंटरलाकिंग दिनाँक 1 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। कार्य के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल होकर संचालित 20 ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

अपने अन्दर भलाई कराने का लोभ पैदा करना ही शौच धर्म है: मुनिश्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइन्स ऑफ लिविंग के इस सत्र में हम सभी अपने अन्दर बैठे हुए क्रोध, मान, माया और लोभ रूपी विकारों को दूर करने का एक सशक्त प्रयास करने के लिये यहाँ उपस्थित हुये हैं। इतिहास साक्षी है अतीत में जितने भी झगड़े हुये हैं, वे सब लोभ के कारण हुये थे, जैसेकौरव-पाण्डवों का युद्ध। कौरवों के मन में उमड़ी सत्ता और साम्राज्य की लालसा महाभारत का कारण बनी।

यह बात मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि लोभी हमेशा भविष्य की चिन्ता में खोया रहता है। जीवन की विसंगति को नियन्त्रित करना चाहते हो तो लोभ को नियन्त्रित करो। सन्तोष ही उन्नत धन है। लाभ के बाद लोभ होता है, इसलिये सन्तोष रूपी अमृत का पान करना चाहिये। समय से पहले और भाग्य से अधिक किसी को कुछ नहीं मिला। लोभ की तासीर आशाओं को बढ़ाने वाली होती है। इसलिए आचार्यों ने कहा लोभ को और लाभ को पलट दो तो भला और भला हो जायेगा। वह व्यक्ति पहले लोभ के कारण आसक्त था पर अब भलो हो जाने से भलाई के कार्यों में निमग्न है। जितना-जितना लोभ हटता है उतना-उतना भलो होता जाता है। जीवन में निर्मलता के मायने हैं -जीवन का चमकीला होना, मन का भीगा होना, जीवन का शुद्ध होना, जीवन का सारगर्भित होना। आज शौच धर्म है। शौच का अर्थ पवित्रता है। यह पवित्रता लोभ कषाय के अभाव में प्रकट होती है। लोभ के कारण ही संसारी प्राणी दुखी हो रहे हैं। हम पेट भर सकते हैं, पेटी नहीं। हमारे यहाँ धर्म के अर्जन की बात कही गयी है, धन के अर्जन की बात नहीं कही गयी; बल्कि धन के विसर्जन की बात कही गयी है। वासना की ओर से शरीर की उपासना अनादि काल से यह संसारी प्राणी करता आ रहा है। लेकिन उसी शरीर में बैठे हुए आत्मा की उपासना करने की ओर हमारी दृष्टि नहीं जाती। जो परम मुनि इच्छाओं को रोककर और वैराग्य रूप विचारों से युक्त होकर आचरण करता है उसको शौच धर्म होता है।

जिले के शिक्षक आज भूख हड़ताल एवं सामूहिक उपवास करेंगे



अशोकनगर। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक भीमसिंह यादव ने बताया कि आने वाली 20 सितंबर रविवार को प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के सभी 55 जिलों के साथ साथ अशोकनगर जिले में भी टीइटी परीक्षा एवं अन्य मांगो को लेकर तमिलनाडू की तर्ज पर मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा भी लागू होने के पहले के (2010) तक के सभी शिक्षकों को टीइटी से मुक्त किए जाने हेतु अध्यादेश लाने हेतु विधान सभा का विशेष सत्र बुलाने सहित अपनी अन्य न्यायोचित मांगो को लेकर 20 सितंबर को पूरे प्रदेश में ज्ञापन रैली भूख हड़ताल की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अशोकनगर जिला मुख्यालय पर भी यह कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे रघुवंशी धर्मशाला में दर्जनों शिक्षको के भूख हड़ताल पर बैठने से होगी ,तुरंत जिले भर के शिक्षकों का जुटना शुरू होगा ,ओर सभी शिक्षक सामूहिक उपवास पर रघुवंशी धर्मशाला में एकत्रित रहेंगे,अपने भविष्य को लेकर शिक्षक संगोष्ठी करेंगे ,यह 10 बजे से शाम 4.30 तक विशाल सभा के रूप में रहेगी ,जिसमें जिले के तीनों विधायको से भी पधारकर ज्ञापन लेने और शिक्षकों की जायज समस्याओं को सुनेंगे का अनुरोध किया है।

हम सभी देशवासी महत्वपूर्ण संकल्प के लिए एकजुट

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय मध्य प्रदेश छतीसगढ़ द्वारा अशोकनगर जिले में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान के लिए नोडल बनाया गया है। तय कार्यक्रमानुसार माँ सरस्वती का पूजन का वन्देमातरम के सस्वर गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार शाक्य जिला नोडल टी बी एवं एड्स अशोकनगर ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि परिवारों, समाज और पूरे राष्ट्र के व्यापक हितों की भी पूर्ति करता है। जिसका प्रमुख उद्देश्य विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और आत्मविश्वास से भरपूर युवा पीढ़ी का होना अनिवार्य है, जो आत्म-विनाशकारी आदतों से पूरी तरह मुक्त हो। प्राचार्य एवं रासेयो जिला संगठक डॉ अतुल गुप्ता ने कहा ''आज जब राष्ट्र ने विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है, तो यह आवश्यक है कि देश के युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, आत्मविश्वास से परिपूर्ण हों और नशीले पदार्थों जैसी विनाशकारी आदतों से हमेशा के लिए दूर रहें। जनभागीदारी समिति सदस्य अभय सिंघई ने कहा कि देश के भविष्य और आपके अपने जीवन के लिए, व्यसन से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी मौके पर प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और विस्तार से प्रकाश डाला।

स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, खेल और अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में आज के युवाओं की शानदार उपलब्धियों की तुलना नशीले पदार्थों के सेवन के विनाशकारी प्रभावों से करते हुए,थाना प्रभारी धर्मेश दांगी ने इस बात की कड़ी चेतावनी दी कि कैसे व्यसन एकाग्रता को भंग करता है और सपनों को चकनाचूर कर देता है। डॉ अंजू सिहारे ने ने कहा, ''जब किसी परिवार या समाज में यह विनाश होता है, तो पूरे राष्ट्र की समग्र शक्ति भी मौलिक रूप से कमजोर हो जाती है। रणवीर सिंह ने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक गुरुओं के गहन ज्ञान, विशेष रूप से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने नशीले पदार्थों के प्रति समाज की ऐतिहासिक अस्वीकृति को उजागर किया। इसी दौरान ड्रग इंस्पेक्टर जितेन्द्र शर्मा ने नशे से सम्बंधित विभिन्न शोर्ट फिल्म का स्क्रीन पर प्रसारण किया जिसे विद्यार्थिओं ने खूब सराहा उन्होंने कहा कि ''हमें किसी भी परिस्थिति में नशीले पदार्थों को सामाजिक स्वीकृति नहीं देनी चाहिए।'नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा युवाओं और परिवारों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली तथा हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता की।

शहर में राधा अष्टमी भक्ति भाव से मनाई गई, चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तार वाले बालाजी मंदिर से राधाष्टमी के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में कईं झांकियां भी शामिल की गईं थीं। जगह जगह शोभा यात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस शोभा यात्रा में शहर के भक्त जनों ने भाग लिया जिसमें महिलाएं और पुरूष भी शामिल थे। जगह जगह आरती की गई। यह चल समारोह तार वाले बालाजी मंदिर से प्रारंम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से निकली जिनमें विदिशा रोड, कृष्णा डेरी वाली गली पुराना बाजार, गांधी पाकर, इंदिरा पार्क होते हुए स्टेशन रोड ताल वाले बालाजी मंदिर पर समाप्ति जगह-जगह स्वागत एवं पुष्प वर्षा की गई एवं राधा कृष्ण की आरती बैंड बाजा बैंड बाजा आदि शामिल थे। आकर्षक झांकियां भी इस चल समारोह का आकर्षण थीं नांचते गाते हुए भक्त शहर की सड़कों पर देखे गए।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी वृति नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संजय साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी नवीन ग्वाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू मुसलमान और उसके भाई ने उससे मारपीट की।

घर में घुसकर जेवर चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम करमई निवासी मुन्ना आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर और नगदी 11 हजार रुपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

राजपुर। राजपुर हायर सेकंडरी स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों में सेवा सप्ताह पाखवाड़ा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें छात्र छात्राओं साथ-साथ गांव के सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

जिले में 11 स्थानों पर शिविर का किया गया आयोजन

अशोकनगर। शनिवार को संपर्क अभियान 2026 अंतर्गत जिले में 11 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें बिल संबंधी एवं अन्य विषयों के संबंध में 663 शिकायते प्राप्त हुईं जिनमें से 645 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में 130 घरेलू तथा 97 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किए गए। 11 उपभोक्ताओं के नाम परिवर्तन किए गए। खराब मीटरों को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतो का निराकरण किया गया। उपभोक्ताओ से शिविर के दौरान लगभग 08.49 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरो में लगाई गई। कैंप में उपस्थित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियो के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करने पर दोनों मीटरों की विद्युत खपत समान पाई गई।

अमाही तालाब में भी पानी का जलस्तर बढ़ा, नगर में कई जगह भराया पानी

शहर में देर शाम हुई जोरदार बारिश से लोगों के चेहरे खिले, तुलसी सरोवर लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर में देर शाम अब तक की पहली बार तेज गति की वर्षा दर्ज की गई। जब पूरे प्रदेश और देश में वर्षा का दौर खत्म हो गया है तब अशोकनगर जिले में वर्षा का दौर प्रारंभ है। बीती रात भी 19 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इसके बाद देर शाम शनिवार को तेज गति से वर्षा शहर में होते देखी गई, इस बरसात के कारण अशोकनगर शहर का तुलसी सरोवर लबालब हो गया है और अमाही तालाब में भी पानी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को 18 फीट पानी का जलस्तर था वर्षा होने के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि तालाब के जलस्तर में और तेजी से वृद्धि हुई होगी।

अशोकनगर की जनता इस तालाब में पानी का जलस्तर बढ़ने का तेजी से इंतजार कर रही थी। इंद्र देवता ने यहां की पुकार सुन ली है और धमाकेदार हुई वर्षा के बाद यह माना जा रहा है कि इन सभी तालाबों में पानी का संग्रह अब अच्छा हो गया होगा। अशोकनगर का अमाही तालाब शहर की जनता की प्यास बुझाने वाला तालाब है



जिसको लेकर शहर की जनता लगातार यह जानने के लिए उत्साहित रही कि तालाब में जलस्तर कितने फिट पर पहुंचा है। हालांकि अभी देर शाम को भी वर्ष के बाद जब पानी आसपास के जल स्रोत से होता हुआ पहुंचेगा तब तालाब का वास्तविक जलस्तर सामने आ सकेगा। लेकिन बाद बाद में हुई है वह पानी के संग्रह के लिए जरूर लाभदायक है, लेकिन जो फसल पककर तैयार हो गई है और कटाई के दौर में आ गई है उन किसानों को इस बाद में गिरने वाले पानी से नुकसान होने की संभावना है।

शहर में कई स्थानों पर पानी घुटनों घुटनों तक भरे हुए देखा गया। इस मौसम में यह पहली वर्षा है हालांकि वर्ष को पहले भी हुई है लेकिन ऐसी वर्ष पहले कभी नहीं हुई थी जो शनिवार की देर शाम को हुई बरसात के पानी में तेजी थी भले ही बारिश 45 मिनट से 1 घंटे के बीच हुई हो लेकिन वर्षा अच्छी रफ्तार में हुई है। जिससे अशोकनगर पानी के मामले में अब आत्मनिर्भर होने की तैयारी में आ गया है।

सीमाएं लांघकर खाकी ने बचाई घायल की जान

विदिशा में सड़क हादसे में घायल महिला को पुलिसकर्मी ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सोनू रघुवंशी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि खाकी वर्दी केवल कानून व्यवस्था संभालने के लिए नहीं, बल्कि संकट के समय किसी का सहारा बनने के लिए होती है। थाने की सीमाओं की परवाह न करते हुए उन्होंने एक गंभीर रूप से घायल महिला को अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाकर इंसानियत की मिसाल पेश की है।

जानकारी के अनुसार, रामवती बाई अपने जेठ रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल से विदिशा जा रही थीं। इसी दौरान अम्बानागर और नए गोला के बीच सड़क की बेहद खराब स्थिति के कारण उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में रामवती बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद घायल महिला सड़क पर तड़पती रही और लोग वहां से गुजरते रहे, लेकिन किसी ने मदद के लिए हाथ आगे नहीं बढ़ाया। एम्बुलेंस को भी सूचना दी गई, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंच सकी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे प्रधान आरक्षक सोनू रघुवंशी की नजर घायल महिला पर पड़ी। स्थिति की गंभीरता और एम्बुलेंस में हो रही देरी को देखते हुए सोनू रघुवंशी ने बिना एक पल गंवाए अपने निजी वाहन से घायल महिला को गंज बासौदा अस्पताल पहुंचाया और तत्काल उपचार शुरू करवाया।

इस हादसे के बाद एक बार फिर विदिशा मार्ग की जर्जर और बदहाल सड़क व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। जर्जर सड़कों के कारण आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने संबंधित प्रशासन और विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

तहसीलदारों के कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन हेतु आदेश जारी

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए तहसीलदार/ प्रभारी तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/ प्रभारी नायब तहसीलदार के कार्य विभाजन में आदेश जारी किया गया है। तहसील अशोकनगर के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य हेतु सोनम शर्मा तहसीलदार राजस्व वृत कचनार, गैर राजस्व न्यायालयीन कार्य हेतु कार्तिकेय मुदगल नायब तहसीलदार कोतवाली अशोकनगर, देहात अजाक एवं कचनार, तहसील शाढौरा के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य हेतु गौरीशंकर बेरवा तहसीलदार राजस्व वृत शाढौरा, बरखेडा नई, आलोक श्रीवास्तव तहसीलदार राजस्व वृत जलालपुर, तहसील ईसागढ़ के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य हेतु रितु परमार नायब तहसीलदार राजस्व वृत सारसखेडी एवं गैर राजस्य न्यायालयीन कार्य हेतु रितु परमार नायब तहसीलदार थाना ईसागढ़, कदवाया, तहसील नईसराय के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य अशोक गौतम, नायब तहसीलदार राजस्व वृत महिदपुर, तहसील चंदेरी के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य हेतु शिवसिंह कोरकू राजस्व वृत थूबोन एवं गैर राजस्व न्यायालयीन कार्य शिवसिंह कोरकू थाना चंदेरी, तहसील मुंगावली के लिए राजस्व न्यायालीयन कार्य हेतु कैलाशचंद्र मालवीय, तहसीलदार मुंगावली, अंकुश कैम, नायब तहसीलदार राजस्व वृत सेहराई, अनीश धाकड़ नायब तहसीलदार राजस्व वृत वम्मन खिरिया तथा गैर राजस्व न्यायालयीन कार्य हेतु अनीश धाकड नायब तहसीलदार थाना मुंगावली एवं सेहराई, भू-संसाधन प्रबंधन हेतु सोनम शर्मा, प्रभारी तहसीलदार प्रभारी भू-संसाधन प्रबंधन जिला अशोकनगर होंगे।



जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

अशोकनगर। जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर एवं जेल निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह एवं न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करना तथा उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, राजमाता चैराहा शाखा के बैंक मैनेजर सौरभ शर्मा व असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल देवेन्द्र सिंह दांगी की उपस्थिति में जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार कर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

कदवाया की प्राचीन विरासत से रूबरू हुए जीवाजी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुरातत्व अध्ययनशाला के विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने किया कदवाया के मंदिरों और शैव मठ का अध्ययन, तेरही- महुआ-रन्नौद के पुरास्थलों को भी देखा। जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल कदवाया की प्राचीन विरासत को जानने के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के इतिहास और पुरातत्व के विद्यार्थी एवं शोधार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे।

विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया के मार्गदर्शन में पहुंचे दल ने कदवाया के प्राचीन मंदिर समूह, शैव मठ, मंदिर स्थापत्य एवं मूर्तिकला का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान दल ने कदवाया के साथ आसपास के तेरही, महुआ और रन्नौद के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों का भी अवलोकन किया। भ्रमण में करीब 30-35 विद्यार्थी एवं शोधार्थी शामिल रहे। इनमें मंदिर स्थापत्य, अभिलेख एवं पुरा-इतिहास आदि विषयों में शोधरत पीएचडी शोधार्थी वैभव शर्मा, राहुल बरैया, प्रिया सुमन एवं वैशाली गुर्जर भी शामिल रहे।

कदवाया में स्थानीय पुरातत्वविद् ने बताई विरासत की कहानी

कदवाया पहुंचने पर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने यहां के प्राचीन मंदिर समूह और लगभग एक हजार वर्ष पुराने शैव मठ सहित विभिन्न स्थापत्य एवं मूर्तिकला अवशेषों का अध्ययन किया। इस दौरान स्थानीय पुरातत्वविद् हेमंत दुबे ने दल को कदवाया के इतिहास, मंदिर स्थापत्य, मूर्तिकला और क्षेत्र में मौजूद पुरातात्विक विरासत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कदवाया के बाद दल ने तेरही, महुआ और रन्नौद के प्राचीन मंदिरों एवं अन्य पुरातात्विक स्थलों का भी भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इन स्थलों पर मंदिर स्थापत्य, मूर्तिकला और ऐतिहासिक अवशेषों को देखा तथा उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान पुस्तकों में पढ़े गए इतिहास को वास्तविक पुरास्थलों से जोड़कर समझने का अवसर विद्यार्थियों को मिला।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत स्कूलों में प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन, बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अशोकनगर के जीवाजी पब्लिक स्कूल, नईसराय में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां मंच से छात्र-छात्राओं ने समाज सुधार, स्वच्छता और आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण और समाज के वरिष्ठ नागरिक के. एल. शर्मा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं : स्कूली बच्चों ने पोडियम पर आकर बहुत ही आत्मविश्वास के साथ जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। भाषण प्रतियोगिता में 21 बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने श्मेरे सपनों का भारत, श्विकसित भारत की संकल्पना 2047 और श्मानानीय प्रधानमंत्री द्वारा विगत 25 वर्षों में किए गए सेवाकार्य जैसे प्रमुख विषयों पर ओजस्वी भाषण दिए। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता को निखारने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें 44 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला के माध्यम से सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को कैनवास पर उकेरा। कार्यक्रम के अंत में भाषण और चित्रकला दोनों विधाओं में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



डूंगासरा महाकाल धाम नईसराय अशोकनगर में अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद नईसराय ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवा संघ अशोकनगर के जिला अध्यक्ष मुकेश बमौरा, दिलीप डगोरा नव नियुक्त युवा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद अशोकनगर,कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉक्टर नितिन रघुवंशी अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद अशोकनगर, एवं भूमि दानदाताओं एवं बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

भूमि दानदाताओं विजय सिंह शाढ़ौरा रघुवीसिंह डुंगासरा, संजय सिंह रघुवंशी सरपंच महिदपुर का सम्मान किया गया। बैठक को वीरेंद्र सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष, अशोक सिंह बागुलया, हरी सिंह खजूरिया कार्यकारी अध्यक्ष,सीताराम काकाजी, अनूप सिंह रघुवंशी पूर्व जनपद अध्यक्ष ईसागढ़, आनंद तारावली, दिलीप डगोरा, डॉक्टर नितिन रघुवंशी, रघुवंशी युवा संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश बमौरा ओर मनोहर ने संबोधित किया। सभी सभी वक्ताओं द्वारा रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस अशोकनगर को कब्जाधारियों से मुक्त कराने पर बल दिया आवश्यकता पढ़ने पर अशोकनगर में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा सभी ने सहमति दिखाई।

41 स्वर्ण सहित 115 पदकों के साथ अशोकनगर बना चैंपियन, 354 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान

25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में अशोकनगर का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित 25वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वूशु प्रतियोगिता में अशोकनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया। 16 से 18 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु एवं स्पर्धा वर्गों में हिस्सा लिया। अशोकनगर वूशु टीम ने प्रतियोगिता में 41 स्वर्ण पदक, 35 सिल्वर व 39 ब्रॉज सहित कुल 115 पदक हासिल किए। अंतिम परिणाम में अशोकनगर ने 354 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। जबलपुर 234 अंकों के साथ दूसरे तथा इंदौर 87 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

रजत और कांस्य पदकों में भी शानदार सफलता

रजत पदक विजेताओं में गुरजोत सिंह, चरण दीप सिंह, दिशार्थ धुरेंटे, अंशिका त्रिवेदी, लवली अहिरवार, पूनम शर्मा, उदयवीर केवट, ध्रुव लोधी, निकुंज तिवारी, अवरीत कौर, खुश अग्रवाल, सोनम केवट, यश जैन, वेदांत श्रीवास, कौशलेश मालीवाल, समर्थ यादव, यशस्वी पाल, भुवनेश शर्मा एवं भूमन्यु अहिरवार शामिल रहे। कांस्य पदक जीतने वालों में बघेल सिंह, सुशील राव जाधव, वंश रघुवंशी, प्रिंस पंथ, हेमंत रघुवंशी, बर्खा शर्मा, अपूर्व अहिरवार,समृद्धय यज्ञाबल्क, आयुष रजक एवं अनुरीत कौर ने अपना स्थान बनाया।



स्वर्ण पदक विजेताओं ने दिखाया दमखम

अशोकनगर के तीर्थ जैन, गौरांश चैरसिया, गौरांग अग्रवाल, शिवार्थ धुरेंटे, राघव मिश्रा, समग्या दैलवार, शिवन्या चैरसिया, परी भट्ट, नमन जाट, जोविका जकेले, आदि रघुवंशी, सिद्धार्थ, अभजीत राय, नवीत जकेले, अनिका त्रिवेदी, अनुराग बरहा, तक्ष गुप्ता, पूजा नामदेव, आरती विश्वकर्मा, भावेश सेन, विराट नामदेव, समीर पाठक, अमृतपाल सिंह एवं योगराज सिंह सहित खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

ताऊलू में 11 खिलाड़ियों ने जीते 37 पदक

अशोकनगर के नन्हे खिलाड़ियों ने ताऊलू की विभिन्न स्पर्धाओं में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। चंकवान, जिअंशु, क्वांशु, दाऊस्यु, गूंशु, नन्दाऊ, ननगुन, नंक्वान, ताईची एवं ताईची जिअन सहित विभिन्न स्पर्धाओं में 11 खिलाड़ियों ने मिलकर 37 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अशोकनगर के निर्णायकों ने भी जिम्मेदारी निभाई। राजकुमार खरे, मुस्ताक खान, राजदीप सिंह, पूजा नामदेव एवं विनोद पाल ने प्रतियोगिता में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

कोच ब्रजेश धुरेंटे का सम्मान

अशोकनगर टीम के शानदार प्रदर्शन पर वूशु कोच ब्रजेश धुरेंटे को मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक चंचल शेखर तथा मध्यप्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद, आईपीएस द्वारा सम्मानित किया गया। चैंपियन अशोकनगर टीम को भी ट्रॉफी एवं पदकों से सम्मानित किया गया।

गणेश उत्सव में क्विज और सुडोकू प्रतियोगिता संपन्न



अशोकनगर। महाराष्ट्र समाज गणेश उत्सव में महाभारत पर आधारित ऑनलाइन क्विज और सुडोकू प्रतियोगिता कराई गई। ऑनलाइन क्विज में महाभारत से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए समाज के समाज के सदस्य पॉलिटेक्निक के प्रोफेसर मनीष वैद्य द्वारा उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रश्न पत्र तैयार किया गया। जिसे सभी सदस्यों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा मोबाइल पर एक पासवर्ड के द्वारा प्राप्त किया गया और निर्धारित समय 30 मिनट के अंदर पूरा प्रश्न हल करने को दिया गया। जैसे बड़ी-बड़ी प्रतियोगिता परीक्षाओं में कहीं भी चूक की संभावना न हो यह ध्यान रखते हुए प्रश्न पत्र तैयार किया गया और परीक्षा के तुरंत बाद ही उसके परिणाम सामने आए। इस कार्यक्रम के प्रायोजक मुकुंद मार्च में थे और संयोजन के रूप में मनीष वैद्य थे। इसके पहले एक मेंहदी सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं द्वारा अपने हाथों पर विभिन्न डिजाइन में मेंहदी बनाई गई थी।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में अर्से से लंबित शिकायतों पर कलेक्टर की कार्रवाई

आपूर्ति अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकी नायब तहसीलदार राजगढ़ में अटैच

स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतों पर पीड़ितों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार एवं कैटेगरीवार समीक्षा हुई। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रत्येक शिकायत की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उसका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन में केवल शिकायत को बंद करना उद्देश्य नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की



समस्या का वास्तविक समाधान कर उसे संतुष्टि प्रदान करना आवश्यक है। समीक्षा के दौरान ब्यावरा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राजेश मितलल द्वारा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में अपेक्षित कार्यवाही नहीं किए जाने पर उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर नायब तहसीलदार सुश्री शैलजा मिश्रा को नोटिस जारी करने तथा कलेक्टोरेट में अटैच करने के निर्देश दिए गए।

109 शिकायतों पर शिकायतकर्ताओं से किया सीधा संवाद

स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 109 लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से स्वयं दूरभाष पर संपर्क कर उनकी समस्या एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करें। आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतों का वास्तविक एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरांत ही शिकायत को बंद किया जाए।

जेएसओ को शाम तक कलेक्टोरेट में उपस्थित रहने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी जेएसओ को शाम के समय कलेक्टोरेट में उपस्थित होकर लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित जेएसओ को कलेक्टोरेट में बुलाकर लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जवाबों की होगी समीक्षा

ई-गवर्नेंस को निर्देशित किया गया कि 15 से 20 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को चिन्हित कर उनमें संबंधित अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए जवाबों की समीक्षा की जाए। यह भी परीक्षण किया जाए कि शिकायतों में दर्ज जवाब वास्तविक निराकरण की स्थिति के अनुरूप हैं अथवा नहीं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

शिवनारायण सिसोदिया बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष



माचलपुर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा माचलपुर मंडल अध्यक्ष पद पर पूर्व मंडल महामंत्री शिवनारायण सिसोदिया (मालवीय) को मनोनीत किया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राजगढ़ जिलाध्यक्ष विष्णुप्रसाद मालवीय ने यह नियुक्ति भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी एवं भाजपा माचलपुर मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई की सहमति से की।सिसोदिया को संगठन में सक्रिय भूमिका और पूर्व में मंडल महामंत्री के रूप में किए गए कार्यों को देखते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने सिसोदिया का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मोहन वर्मा जिला उपाध्यक्ष, अनोखी लाल कोटिया दूसरी बार बने कुरावर मंडल अध्यक्ष



कुरावर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा शुक्रवार रात की गई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार, जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की सहमति से जिला अध्यक्ष डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय ने पदाधिकारियों के नाम घोषित किए। जिसमें कुरावर वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रतिनिधि मोहन वर्मा को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अनोखी लाल कोटिया को लगातार दूसरी बार कुरावर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी शनिवार सुबह क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के निवास पहुंचे। विधायक ने दोनों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पंच-सरपंचों, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने बधाई दी।

सीईओ का फैसला

दो पूर्व सरपंच छह सालों तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पंचायतों में निर्माण कार्य न कराने के बावजूद राशि आहरित करने के मामले में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बड़ी कार्रवाई की है। दो पूर्व सरपंचों को जहां छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है वहीं एक पूर्व सरपंच के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ जपं की ग्राम पंचायत पाडल्या आंजना में पूर्व सरपंच चंदर सिंह एवं तत्कालीन सचिव कैलाशचद लववंशी के विरुद्ध सामुदायिक भवन एवं हेडमास्टर कक्ष से संबंधित वसूली प्रकरण प्रचलित थे। निर्माण न होने के बावजूद राशि आहरण के मामले में वारंट जारी होने के बाद भी पूर्व सरपंच चंदर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में उन्हें आगामी छह सालों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार दिया गया है। इसी प्रकार सारंगपुर जपं की पंचायत चिडलावनिया की पूर्व सरपंच पूरीबाई वर्मा के विरुद्ध पंचपरमेश्वर योजना अंतर्गत सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए आहरित 64 हजार रुपए की राशि से कार्य नहीं किए जाने का प्रकरण सामने आया। बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं होने पर 64 हजार रुपए की वसूली किए जाने का आदेश हुआ। साथ ही वित्तीय अनियमितता के लिए दोषी मानते श्रीमती पूरीबाई वर्मा को 6 वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

जमानती वारंट किया गया जारी

ब्यावरा की झरखेड़ा पंचायत के प्रचलित प्रकरण में पूर्व सरपंच लीलाबाई दांगी द्वारा वित्तीय अनियमितता से संबंधित राशि जमा नहीं किए जाने के कारण न्यायालय द्वारा जमानती वारंट जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा पंचायतों में शासकीय राशि के उपयोग में पारदर्शिता एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

पंचायत सचिवों की मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से लंबित चली आ रही अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघटन सामने आया है। इस संबंध में सचिव संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अपनी 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

इस दौरान शासन, प्रशासन को चेतावनी भी दी गई कि यदि मांगों के संबंध में यथोचित निर्णय नहीं लिए गए तो संघटन को आगामी आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। सचिव संघ जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि सालों से उनके द्वारा मांग की जा रही है कि सभी सचिवों का ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन किया जाए। इसके साथ ही अधिकार अभिलेख, पंजीयन, सहित राजस्व प्रकृति के कार्य पंचायत सचिवों से न कराए जाएं, शासन की पूर्व से की गई घोषणाओं के आदेश जल्द जारी हों, समयमान वेतनमान एवं वेतन विसंगतियों का निराकरण, 300 दिवस अर्जित अवकाश नकदीकरण, स्वास्थ्य बीमा एवं आयुष्मान योजना का लाभ प्रदान करने, मनरेगा कार्यों में अनुचित वसूली पर रोक, नियुक्ति दिनांक से सेवाकाल की गणना एवं पुरानी पेंशन बहाली, पिछड़ा वर्ग के अनुकंपा आश्रितों को शीघ्र नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी की अनिवार्यता में छूट, सेवानिवृत्त पंचायत सचिवों को ग्रेजुटी का लाभ प्रदान करने की मांग रखी गई।

सेवानिवृत्ति राशि में की जाए बढ़ोतरी

सचिवों ने सेवानिवृत्ति पर दी जाने वाली 3 लाख की राशि में बढ़ोतरी की मांग भी रखी है। ज्ञापन अवसर पर संघटन जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह भदौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष कुमार सिंह, कुमार लाल, संजय चैहान, अजीत सिंह, रामदयाल पिपलोटिया, हीरालाल गुर्जर, रामबाबू गुप्ता, घनश्याम शर्मा, रोशन सिंह, भवंरलाल सेन, जीतेंद्र सिंह राठौड़, प्रेमसिंह चैहान, संजय यादव, राकेश दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।



सेवा संकल्प अभियान में दिखाई प्रतिभा

सारंगपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर सारंगपुर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं वक्तृत्व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की, वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण, विकास एवं देश के प्रति नागरिकों के दायित्व जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुक्तिधाम विकास समिति के अध्यक्ष अनिल बरकिया एवं भाजपा मंडल महामंत्री कमल राठौर रहे। विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। यही विद्यार्थी भविष्य में विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम का संचालन आनंद मोहन व्यास ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

29 सितंबर को मतदान, 3 अक्टूबर को होगी मतगणना

सुल्तानिया पंचायत में सरपंच पद के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में



सारंगपुर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुल्तानिया में रिक्त सरपंच पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। 8 सितंबर को अधिसूचना जारी होने के बाद 15 सितंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। 18 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। अब सरपंच पद के लिए कुल आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

पंचों के निर्वाचन के बाद अब आम चुनाव

पूर्व सरपंच के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज होने तथा जवाबी कार्रवाई नहीं करने के मामले में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले द्वारा उन्हें छह वर्ष के लिए निर्वाचन के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। इसके साथ ही उन्हें सरपंच पद से पृथक करने की कार्रवाई की गई। इसके बाद पंचों द्वारा सरपंच का निर्वाचन किया गया था। हालांकि पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रिक्त पद पर निर्धारित अवधि में निर्वाचन कराया जाना आवश्यक है। इसी के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आम निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया। अब 29 सितंबर को होने वाले मतदान में मतदाता आठ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना 3 अक्टूबर को होगी। निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। पंचायत सचिव पीरूलाल कटारिया ने बताया कि पचोर तहसीलदार नीलम सिंह एवं हल्का पटवारी लालसिंह भिलाला ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मां तुझे प्रणाम योजना में राजगढ़ के तीन युवाओं का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मप्र शासन की मां तुझे प्रणाम' योजना के तहत राजगढ़ जिले के तीन युवाओं आनंद शर्मा, राजमोहन नरवरिया एवं बंटी विश्वकर्मा का चयन हुआ है। चयनित युवा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं चांचाई फाल का भ्रमण करेंगे। योजना के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलता है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अपनी समृद्ध जैव विविधता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं चांचाई फाल मध्यप्रदेश के प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में शामिल है। ये तीनों चयनित युवा सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी सक्रियता के चलते पहचान रखते हैं। विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों में उनकी भागीदारी रही है। इनके चयन पर जिला संगठक डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाड़ा एवं प्राचार्य वी.बी. खरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का अवसर मिलता है। चयनित युवाओं ने इस अवसर के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उन्हें मध्यप्रदेश की प्राकृतिक संपदा को करीब से जानने और पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर प्रदान करेगी।

विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में प्रदर्शन, तहसीलदार ने दो दिन में दुकान हटाने के निर्देश

शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

संडावता में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर शनिवार को विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने संडावता पुलिस चैकी के सामने धरना देते हुए चक्काजाम कर दिया। इससे कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का कहना था कि शराब दुकान स्कूल एवं विद्यार्थियों की आवाजाही वाले क्षेत्र में संचालित हो रही है, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। उन्होंने शराब दुकान को तत्काल अन्य स्थान



पर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र दुकान हटाने को लेकर ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार कपिल शर्मा मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने मौके पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही शराब दुकान के बाहर लगे बैनर-पोस्टर हटवाए गए। तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को दो दिन के भीतर शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, जिसके बाद विद्यार्थियों ने अपना विरोध समाप्त किया। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद द्वारा करीब एक माह पूर्व भी शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था। उस समय प्रशासन की समझाइश के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया था, लेकिन दुकान नहीं हटाए जाने से विद्यार्थियों में नाराजगी बनी हुई थी। इसी के चलते शनिवार को एक बार फिर चक्काजाम कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया।

नाबालिग से दुराचार के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



एक नाबालिग से दुराचार के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इसके साथ ही आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। न्यायालय ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। भारसाधक एडीपीओ डॉली गुप्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को मलावार क्षेत्र की पीड़िता पानी भरने गई हुई थी। जब वो वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश करने पर भी न मिलने पर पीड़िता की माता और भाई ने मलावर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई वहीं एक युवक महेंद्र पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताया। इस आधार पर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना की और पीड़िता के पास मिली जिसे दस्तयाब किया गया और उसके कथन करवाते हुए आरोपी महेंद्र पर पॉक्सो अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकरण में प्रथम अपर सत्र न्यायालय रजनी प्रकाश बाथम ने आरोपी महेंद्र को 20 वर्ष का कठिन कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया

हजारों समाजजनों ने एक पंडाल में बैठकर ग्रहण की प्रसादी

राजगढ़। गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण जन्मोत्सव एवं राधारानी प्रकटोत्सव धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर में एक विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें समाज के युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। अखाड़े के साथ निकली इस शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा खुजनेर रोड पर आयोजन स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। यहां भगवान देवनारायण की पूजा-अर्चना उपरान्त प्रसादी एवं भोज का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने एक पांडाल के नीचे बैठकर भगवान की प्रसादी ग्रहण की।

पर्व पर व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। आगामी धार्मिक पर्वों को लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे को ज्ञापन सौंपा गया। समिति अध्यक्ष ध्रुरव मल्ला के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में गणेश उत्सव के अंतर्गत होने वाले ड़ोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं आगामी दशहरा पर्व के दौरान नगर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। समिति ने पर्वों के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम समय रहते करने की मांग रखी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में नगर पालिका द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही हिन्दू उत्सव समिति ने अनंत चतुर्दशी पर्व को भव्य स्वरूप देने की अपील करते हुए नगर के विभिन्न शासकीय विभागों, कार्यालयों, सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से अधिक से अधिक आकर्षक झांकियां निकालने का निवेदन किया। समिति ने नागरिकों से भी पर्व को उत्साह, धार्मिक भावना और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। ज्ञापन के दौरान नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,मुक्तिधाम विकास समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया,महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी,दिनेश सिसोदिया,संतोष पुष्पद,अमित दुबे,सतीश गिरजे,कमलेश टेटवाल,नवीन रुण्डवाल,दिनेश शर्मा,संतोष कुंभकार,प्रकाश पूरी,राजेश बंसल,गोकुल पुष्पद,संतोष धनगर,इशांत मंगल सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

भगवान देवनारायण की विशाल शोभायात्रा निकाली

विधायक ने सीसी निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा

जीरापुर। भगवान देवनारायण जन्मोत्सव नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान देवनारायण की 34वीं विशाल शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व भगवान देवनारायण मंदिर में विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी। इस अवसर पर भगवान देवनारायण मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरुआत हुई जिसमें भगवान देवनारायण , साडू माता का विशेष श्रृंगार कर आकर्षक झांकी शोभायात्रा को सुशोभित कर रही थी और घोड़ी पर सवार होकर पंडित विष्णु गुर्जर हाथ में भगवान श्री देव की ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे! वही शिवशक्ति गुर्जर अखाड़ा के कलाकारों ने एक से एक अनेकों हैरत अंग्रेज करतब दिखाकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। शोभा यात्रा में इस बार खिलचीपुर से वीर शिवाजी व्यायाम शाला दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने तलवार बाजी लट बाजी जैसे करतब दिखाकर यह साबित कर दिया कि बालिका भी किसी से कम नहीं है , वर्तमान



समय में वह भी अपनी सुरक्षा खुद कर सकती है! आसपास गांव से गुर्जर बंधुओं ने घोड़ियों का नृत्य दिखावा जो लोगों का ध्यान आकर्षित मनमोहक लग रहा था! साथ ही डीजे पर भगवान देवनारायण के भजनो पर देव भक्त जमकर नाचे गाते थिरकते हुए हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में रसमय हो कर चल रहे थे। शोभायात्रा भगवान देवनारायण मंदिर से शुरू हुई जो भ्रमण करती अटल चौक से सीधी भगवान देवनारायण मंदिर पहुंची। महाआरती के साथ समापन हुआ। समाज बंधु भंडावद रोड स्थित गुर्जर धर्मशाला पहुंचे जहां विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर, फुल सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ जन, गुर्जर समाज के बंधु शामिल हुए।

चित्रकला, भाषण में विजेताओं को शील्ड प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कुरावर मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। भाषण प्रतियोगिता में 28 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष हृदेश चंद्रवंशी, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, मंत्री राकेश मीणा, कार्यक्रम सहप्रभारी सुनील वकील एवं बूथ अध्यक्ष रामनारायण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केसी नागर ने किया।चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में रेशम सूर्यवंशी, केसी नागर, प्रकाश तोमर एवं शकुन महावर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक रीना मीणा, रोहित सूर्यवंशी एवं श्रीमती शकुंतला महावर सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।प्राचार्य सुरेश चंद्रवंशी ने अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।